| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 18 | Depamin | 5th July, 1989 |
| 19 | Epinephrin | |
| 20 | Ethosuximide | |
| 21 | Ethionamide | |
| 22 | Ergotamine | |
| 23 | Glyoeryl Trinitrate | |
| 24 | Heparin | |
| 25 | Heptatic-B Vaccine | |
| 26 | Isoprenaline | |
| 27 | Nitrofurantoin | |
| 28 | Piroxicam | |
| 29 | Probenecid | |
| 30 | Protionamide | |
| 31 | Peutamidine | |
| 32 | Primaquine | |
| 33 | Procainamide | |
| 34 | Quinidine | |
| 35 | Sodium Stiboglucona te | |
| 36 | Sodium Nitroprusside | |
| 37 | Silver Nitrate | |
| 38 | Tetramisole | |
| 39 | Thiahendazole | |
| 40 | Wariarin | |
| 41 | Oral Rehydration Salt | 18-1-1989 |

**Upgrading Bangalore Airport as an International Airport**

1329 SHRI B K HARIPRASAD Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Government have received proposals for converting Bangalore Airport into an interntaional airport, and if so, the details thereof,

(b) what steps Government have taken towards meeting this legitimtae and long pending demand; and

(c) whether pending declaration of the airport as an international airport, customs and immigration facilities will be provided at the airports?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI HARMOHAN DHAWAN): (a) Such requests have been received from the State Government of Karnataka, Trade Representatives, State Chamber of Commerce, Members of Parliament, Central Ministers etc.

(b) There is no plan at present to declare Banaglore as an international airport

(c) Bangalore airport is already a customs aerodrome for the purpose of cargo The question of providing the customs and immigration facilities for passengers flights does not arise because no international passenger flights operate to/from Bangalore.

**जनसंख्या वृद्धि दर को कम करने के लिये कदम**

1330. **श्री राम जेठमलानी :**
**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1983 में अपनाई गयी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के अन्तर्गत वर्ष 2001 तक देश में वार्षिक जनसंख्या वृद्धि दर 1.2 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था ;

(ख) यदि हा तो क्या यह भी सच है कि अभी देश मे वार्षिक जनसंख्या वृद्धि की दर लगभग 2.03 प्रतिशत है ;

(ग) यदि हा तो क्या सरकार अभी तक प्राप्त परिणामो के आधार पर निर्धारित अवधि में जनसख्या वृद्धि का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर पायेगी ,

(घ) यदि नही तो क्या सरकार परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत अपनायी गई नीति मे परिवर्तन करने का विचार रखती है , और

(ङ) यदि नही तो उसके क्या कारण है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (प्रो० शकीलुर रहमान) :** (क) और (ख) जी, हा ।

(ग) देश मे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा व्यापक रोग प्रतिरक्षण कार्यक्रम सहित जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य परिचर्या का एक व्यापक नेट वर्क तैयार करने मे काफी सफलता मिली है । इसके फलस्वरूप शिशु मृत्यु दर जो 1951 में 146 प्रति हजार जीवित जन्म थी वह 1989 में घटकर 91 हो गयी । कुल प्रजनन दर 5.97 (1950-55) से घटकर 4.1 (1987) हो गई । जन्म दर 41.7 (1951-61) से कम होकर 30.5 (1989) हो गई । अब 42.7 प्रतिशत पात्र दम्पत्ति गर्भनिरोधकों का इस्तेमाल कर रहे हैं जबकि 1970-71 में यह केवल 10.4 प्रतिशत था । इस कार्यक्रम के आरम्भ होने के बाद से अब तक 11 करोड 80 लाख जन्म रोके जा सके है ।

जहा तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 1983 के तदनुसार सन् 2000 तक जनाकिकी लक्ष्यो को प्रयाप्त करने की संभावना का प्रश्न है, सातवी पंचवर्षीय योजना के दस्तावेज मे यह कहा गया है कि "छठी योजना के आरम्भिक वर्षों में हुई प्रगति को देखते हुए स्वास्थ्य नीति मे सन् 2000 तक कुल प्रजनन दर पर लाने का लक्ष्य रखा गया, बहरहाल, एक समीक्षा से पता चलता है कि यह लक्ष्य 2006-2011 तक ही प्राप्त हो सकेगा ।"

(घ) और (ङ) देश मे जनसंख्या वृद्धि को नियत्रण सीमाओ मे रखने के लिए एक सुस्पष्ट कार्यनिति तैयार की गई है जिसमे स्वास्थ्य सेवाओ की गुणवत्ता में सुधार करने, स्वास्थ्य के बुनियादी ढ़ाचे को मजबूत करने, व्यापक रोग प्रतिरक्षण कार्यक्रम के माध्यम से बच्चो को जीवित रखने, जनसख्या शिक्षा को तेज करने, सामुदायिक भागीदारी बढाने, नई सचार नीति अपनाने और स्वैच्छिक सगठनो को शामिल करने पर बल दिया गया है । इसके अतिरिक्त निचले स्तर के कार्मिको को प्रशिक्षण देने और उन्हे पुन प्रशिक्षित करने, महिला साक्षरता और महिलाओ के स्तर में सुधार लाने, क्षेत्र गहन दृष्टिकोण अपनाने जैसे सबंधित विकास